भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 958

03 दिसम्बर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आधुनिक चिकित्सा और आयुष चिकित्सा पद्धति के बीच टकराव

958. सुश्री देबाश्री चौधरी:
कुमारी राम्या हरिदास:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि दवाइओं, उपचारों और प्रक्रियाओं की प्रभावकारिता के संबंध में आधुनिक चिकित्सा पद्धति और आयुष चिकित्सा पद्धति के बीच टकराव है और दोनों के बीच एक बड़ी खाई है, जो आयुष संसाधनों के लिए हानिकारक है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की आधुनिक और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को एकीकृत करने के लिए एक रुपरेखा तैयार करने की कुछ योजनाएं हैं, ताकि दोनों पद्धतियों के बीच सार्थक, परस्पर अधिगम और सहयोग को सुकर बनाया जा सके; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोनोवाल)

(क): औषधियों, उपचारों और प्रक्रियाओं की प्रभावकारिता के संबंध में आधुनिक और आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बीच कोई टकराव नहीं है।

(ख)**:** प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ): जी हां। आयुष मंत्रालय ने आधुनिक और पारंपरिक पद्धतियों को एकीकृत करने के लिए विभिन्न पहल की हैं ताकि दोनों पद्धतियों के बीच सार्थक, परस्पर अधिगम और सहयोग को सुकर बनाया जा सके। इस तरह की पहलों की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित रही हैं:

(i) भारत सरकार ने डॉ वी.के. पॉल, सदस्य, नीति आयोग, और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (**एम्स**) नई दिल्ली के बाल रोग विभाग के पूर्व प्रमुख की अध्यक्षता में एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली पर एक समिति गठित करके सभी चिकित्सा पद्धतियों को एकीकृत करने की पहल की है। इस समिति के तहत आगे चार कार्य समूहों का गठन किया गया है, जिसमें स्वास्थ्य देखभाल सेवा और कार्यक्रमों के प्रबंधन की कुछ कमियों को दूर करने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को साकार करने, आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी (**आयुष** चिकित्सा पद्धतियां) और एलोपैथी की शक्ति का लाभ उठाने के लिए शिक्षा, चिकित्सा, नैदानिक अनुसंधान और जन स्वास्थ्य और प्रबंधन के पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

(ii) आयुष मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुष मिशन (**एनएएम**) की केंद्रीय प्रायोजित स्कीम के तहत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएचएस) में आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना करता है, जिससे रोगियों को एक ही स्थान पर विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के लिए विकल्प मिल जाता है। आयुष चिकित्सकों/पैरामेडिक्स की नियुक्ति और उनके प्रशिक्षण के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सहायता दी जाती है, जबकि आयुष अवसंरचना, उपकरण/फर्नीचर और औषधियों के लिए सहायता साझा जिम्मेदारियों के तहत आयुष मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाती है।

(iii) आयुष मंत्रालय की तीन अनुसंधान परिषदों नामत:, केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (**सीसीआरएएस**), केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (**सीसीआरएच**) और केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (**सीसीआरयूएम**) ने स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (**डीजीएचएस**), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से संयुक्त रूप से विभिन्न जिलों में प्रायोगिक आधार पर एलोपैथी और आयुष पद्धतियों के एकीकरण के माध्यम से कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक (**एनपीसीडीसीएस**) की रोकथाम और नियंत्रण के राष्ट्रीय कार्यक्रम पर एक परियोजना शुरू की थी।

(iv) केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (**सीसीआरएच**) ने निम्नलिखित स्थानों पर विभिन्न नैदानिक स्थितियों में उपचार प्रदान करने के लिए एलोपैथिक अस्पतालों में होम्योपैथी उपचार केंद्रों की सह-स्थापना की है:

क. वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल (वीएमएमसी और एसजेएच), नई दिल्ली।
ख. होम्योपैथिक दिव्यांग अनुसंधान संस्थान, चेन्नई।
ग. लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, नई दिल्ली।
घ. दिल्ली छावनी जनरल अस्पताल, नई दिल्ली।
ङ. दिल्ली स्टेट कैंसर अस्पताल, नई दिल्ली।
च. बीआरडी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में क्लीनिकल ट्रायल यूनिट।
छ. प्रिंसेस दुर्रू सेवार चिल्ड्रन एंड जनरल हॉस्पिटल, हैदराबाद, तेलंगाना में विस्तार केंद्र।
ज. सिविल अस्पताल, अइज़ोल, मिजोरम।
झ. जिला अस्पताल, दीमापुर, नागालैंड।

(v) केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (**सीसीआरयूएम**) ने एम्स, नई दिल्ली; जेएन मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ और वल्लभ भाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली जैसे आधुनिक एलोपैथिक अस्पतालों के साथ कई सहयोगात्मक परियोजनाएं शुरू की हैं।

(vi) केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद (**सीसीआरएस**), जो मंत्रालय के तत्वावधान में एक अनुसंधान परिषद है, ने गवर्नमेंट स्टेनली मेडिकल कॉलेज, चेन्नई; गवर्तमेंट थेनी मेडिकल कॉलेज, तमिलनाडु; गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, ग्रेटर नोएडा; श्री रामचन्द्र उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चेन्नई; और गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड ईएसआई हॉस्पिटल, कोयंबटूर जैसे आधुनिक एलोपैथिक अस्पतालों के साथ विभिन्न सहयोगात्मक नैदानिक अध्ययन शुरू किए हैं।

(vii) योग को चिकित्सा देखभाल की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (**एमडीएनआईवाई**), जो आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, दिल्ली में आधुनिक चिकित्सा के सरकारी अस्पतालों में 4 (चार) योग थेरेपी सेंटर चला रहा है।

*****